प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 23.03.2026 समय : 09:00ए.एम.

- कृतज्ञ राष्ट्र, आज शहीदी दिवस के अवसर पर भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के साहस को नमन कर रहा हैं
- राज्य सरकार ने खेजड़ी सहित हरे पेड़ों के संरक्षण के लिए सख्त कानून बनाने की प्रक्रिया तेज़ कीं
- देश के विभिन्न राज्यों के 19 खंडों में कोयला नीलामी के 7वें चरण की आज से शुरूआतं
- राज्य में पिछले चार दिनों से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का दौरं

000

कृतज्ञ राष्ट्र, आज शहीदी दिवस के अवसर पर भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के साहस को नमन कर रहा हैं इसी कड़ी में आज से 30 मार्च तक वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत के डेढ़ सौ साल का स्मरणोत्सव मनाया जा रहा हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों से कहा कि ये अवसर स्वतंत्रता सेनानियों और देश के महान नायकों के योगदान को याद करने का हैं

...............

शहीदी दिवस के उपलक्ष में आज राष्ट्रव्यापी पदयात्रा का आयोजन किया जाएगां युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ये पहल 'मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी' विषय पर आधारित हैं इस पदयात्रा के जरिए देश के युवा स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी जाएगीं यह पदयात्रा देश के सभी 763 जिलों में आयोजित की जा रही हैं

इस अवसर पर एक राष्ट्रीय फिल्म निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा हैं वंदे मातरम् फ्रेम्स थीम पर होने वाली इस प्रतियोगिता के प्रतिभागी वंदे मातरम् से जुड़ी संस्कृति, स्वतंत्रता सेनानियों और घटनाओं पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कर सकते हैं

000

राज्य में खेजड़ी सहित हरे पेड़ों के संरक्षण के लिए सरकार ने सख्त कानून बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी हैं संसदीय कार्य और विधि मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में कल जयपुर में इस संबंध में कैबिनेट उपसमिति की बैठक हुई इसमें हरे पेड़ों की कटाई पर प्रभावी रोक लगाने के लिए प्रस्तावित विधेयक का प्रारूप तैयार करने पर चर्चा की गई

बैठक में पेड़ों की अवैध कटाई पर कठोर दंड का प्रावधान शामिल करने और संरक्षित पेड़ों की विस्तृत सूची तैयार करने के बारे में स्पष्ट निर्देश दिये गयें साथ ही संवेदनशील प्रजातियों के संरक्षण के लिए संरक्षित पेड़ों की सूची विधेयक में शामिल करने का फैसला लिया गयां बैठक में निर्णय हुआ कि जल्द ही इस विधेयक का अंतिम प्रारूप तैयार कर लिया जाएगा और ये खास तौर पर ध्यान रखा जाएगा कि आम आदमी को इससे किसी तरह की परेशानी नहीं हों बैठक में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा सहित वन, विधि और राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहें

000

राजस्थान के प्रस्ताव को पंजाब सरकार ने स्वीकार करते हुए 45 दिन की इंदिरा गांधी नहरबंदी को 27 मार्च तक टाल दिया हैं ये नहरबंदी अब 28 मार्च से होगीं पहले, इसे लिए 20 मार्च से निर्धारित किया गया थां इस बीच, राजस्थान को करीब 10 हजार क्यूसैक पानी मिलता रहेगा, जिससे जलदाय विभाग डिग्गियों में पर्याप्त पानी का संग्रहण कर सकेगां साथ ही नहरबंदी के शुरूआती 15 दिनों में सरहिंद फीडर से कट लगाकर राजस्थान को 1500 क्यूसैक पानी उपलब्ध कराया जाएगां इससे हनुमानगढ़, बीकानेर, जोधपुर और बाड़मेर सहित 12 जिलों में पानी का समुचित प्रबंधन हो सकेगां

000

नई दिल्ली में आज विश्व जल सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा हैं जल के लिए उद्योग विषय पर हो रहे इस सम्मेलन में सतत जल प्रबंधन के लिए संवाद, नवाचार और सहयोग पर चर्चा की जाएगीं ये

सम्मेलन नीति निर्माताओं, उद्योग जगत, एमएसएमई, शिक्षाविदों, स्टार्टअप और विशेषज्ञों को एक मंच पर ला रहा हैं

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के 700 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगें केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, सरकार और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लेंगें इस अवसर पर जल शक्ति हैकेथॉन के विजेताओं को सम्मानित भी किया जाएगां

इससे पहले कल श्री पाटिल ने सुजल ग्राम संवाद में बताया कि देश में 15 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल से जल के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने उदयपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए मांडवा थानाधिकारी को आठ लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया हैं एसीबी महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि परिवादी को एक मामले में आरोपी नहीं बनाने की एवज में 20 लाख रुपये रिश्वत मांगी जा रही थीं इसकी शिकायत मिलने पर एसीबी की इंटेलीजेंस इकाई ने मांडवा थानाधिकारी निर्मल कुमार खत्री और सिपाही भल्लाराम पटेल को रिश्वत की ये राशि लेते हुए ट्रैप कियां

000

देश में राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के 19 खंडों में आज से कोयला नीलामी का 7वां चरण शुरू हो रहा हैं केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी इन महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज खंडों की नीलामी का शुभारंभ करेंगें इसमें, खनन पट्टे और समग्र लाइसेंस के तहत खनिजों की विविध श्रृंखला शामिल है, जो स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकियों, उर्वरकों और रणनीतिक उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण हैं खान मंत्रालय ने बताया कि यह नीलामी पारदर्शी और दो–चरण वाली प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाइन होगीं सबसे ऊंची बोली लगाने वालों को ब्लॉक का आवंटन किया जाएगां अब तक हुए छह चरणों में 46 खनिज खंडों की नीलामी की जा चुकी हैं

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कल टोंक में मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी–फारसी शोध संस्थान–ए. पी.आर.आई. का अवलोकन कियां इस दौरान उन्होंने कैलीग्राफी, अरबी–फारसी सहित कई भाषाओं के दुर्लभ ग्रंथों को देखां जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने मुख्य सचिव को संस्थान के डिजिटाइज्ड किये गये हस्तलिखित ग्रंथों के बारे में भी जानकारी दीं मुख्य सचिव ने एनआईसी द्वारा विकसित ''पढ़ाई विद एआई'' पहल की भी समीक्षा कीं इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि दुर्लभ ग्रंथों का संरक्षण करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी हैं

.............

000

पुलिस दूरसंचार विभाग के कार्मिकों के लिए आज जयपुर में पदक वितरण समारोह आयोजित किया जा रहा हैं घाटगेट स्थित पुलिस दूरसंचार लाइन में हो रहे इस कार्यक्रम में विभाग के 110 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जा रहा हैं इस दौरान पुलिस महानिदेशक कानून–व्यवस्था संजय अग्रवाल 31 कार्मिकों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक और 38 को उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान कर रहे हैं

000

राज्य में पिछले चार दिनों से पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की जा रही हैं इससे तापमान में 8 डिग्री तक की गिरावट आई है और वातावरण में ठंडक घुल गई हैं मार्च महीने की शुरूआत से ही तापमान में लगातार काफी बढोतरी देखी जा रही थी और कई स्थानों पर हीटवेव की स्थिति उत्पन्न हो गई थीं ऐसे में बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली हैं मौसम विभाग ने राज्य में अगले एक सप्ताह तक हीटवेव नहीं चलने का अनुमान बताया हैं

इस बीच, आज भी कई स्थानों पर घनघौर घटाएं छाई हुई हैं राजधानी जयपुर में भी सुबह तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश का सिलसिला शुरू हुआं

भीलवाड़ा और भरतपुर में भी ठंडी हवाओं के साथ हल्की बारिश का दौर बना हुआ हैं बीते 24 घंटों में सीकर, जैसलमेर, बीकानेर और जोधपुर सहित कई जगह हल्की से मध्यम बारिश हुईं पोकरण में ओले भी गिरें

000